श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले

श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले,
मोहनी मूरत का कुछ तो असर देख ले.....

श्री अवध में मिलें चाहे व्रज में मिलें,
या इधर देख ले या उधर देख ले,
श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले,
मोहनी मूरत का कुछ तो असर देख ले.....

या किसी भाव से नाम से रूप से,
बहाना हो कोई पर उनका घर देख ले,
श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले,
मोहनी मूरत का कुछ तो असर देख ले.....

तार सकते हैं मुझ सा अधम या नहीं,
देख उनकी हिम्मत और जिगर देख ले,
श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले,
मोहनी मूरत का कुछ तो असर देख ले.....

सिन्धु आनंद का जिसे कहते हैं सब,
हम हों खुश गर उसे 'बिन्दु' भर देख ले,
श्याम सुंदर को बस एक नज़र देख ले,
मोहनी मूरत का कुछ तो असर देख ले.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29362/title/shyam-sundar-ko-bas-ek-nazar-dekh-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |